# प्रेस नोट थाना पुवायाँ

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक : 04.11.2025

**“थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया”**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशन, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं वांछित/अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 31.10.2025 को थाना पुवायाँ पर वादिनी द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 **0788/25**, धारा **80(2)/115(2)/352/85 BNS** एवं **3/4 डीपी एक्ट** बनाम 1.पिंकू त्रिवेदी पुत्र प्रेमकुमार उर्फ गुड्डू 2.प्रेमकुमार त्रिवेदी उर्फ गुड्डू पुत्र अज्ञात 3.मुकेश कुमारी पत्नी प्रेमकुमार त्रिवेदी 4.डिम्पल पुत्री प्रेमकुमार त्रिवेदी, सभी निवासी ग्राम गंगसरा, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर 5.अर्चना पत्नी मनोज (ननद), निवासी अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें आरोप है कि वादी की पुत्री से अतिरिक्त दहेज स्वरूप एक मोटरसाइकिल एवं ₹2,00,000/- नकद की मांग की जा रही थी तथा मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट, गाली-गलौज एवं मानसिक उत्पीड़न किया गया तथा फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई।

आज दिनांक 04.11.2025 को थाना पुवायाँ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दहेज हत्या के प्रकरण में वांछित अभियुक्त जेवा मोड़ तिराहा, ग्राम करनापुर, हाईवे रोड पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर विश्वास करते हुए थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए एकबारगी दबिश दी गई, जिसके दौरान अभियुक्त को उक्त स्थान से समय 11:10 बजे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम **पिंकू त्रिवेदी पुत्र प्रेमकुमार उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम गंगसरा, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र लगभग 22 वर्ष** बताया। अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया है। उपरोक्त अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

पिन्कू त्रिवेदी पुत्र प्रेमकुमार उर्फ गुड्डु निवासी ग्राम गंगसरा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर उम्र लगभग 22 वर्ष

**पंजीकृत/गिरफ्तारी अभियोग-**

मु0अ0सं0 788/25 धारा 80(2)/115(2)/352/85 BNS व 3/4 डीपी एक्ट थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री करतार सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
2. हे0का0 491 रामनरेश थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
3. का0 162 अविनाश मिश्रा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर